सत्यमेव जयते

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES

GOVERNMENT OF INDIA

Issue: 04 January, 2019

# e-Newsletter MSME-DI, Indore



**Prepared by:**

**Ms Anugya Handoo,**

**Sr.Statistical Officer**

**MSME-DI, Indore**

# जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक २३ जनवरी, २०१९ को रेड्डी फाउंडेशन के द्वारा देशभर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में एम.एस.एम.ई- विकास संस्थान में अपना दूसरा जागरूकता कार्यक्रम "ओबेसिटी एंड इट्स रिस्क फैक्टर्स" विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चोइथराम हॉस्पिटल के हॉर्मोन से सम्बंधित रोगों के विशेषज्ञ श्री जितेंद्र चौहान के द्वारा मोटापा एवं उनकी रोकथाम विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। श्री जितेंद्र चौहान ने बताया कि आरामदायक जीवनशैली, भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि एवं खान-पान की आदतों में तेजी से आये बदलाव की वजह से भारत में मोटापे की समस्या बहुत तेजी से बढ़ रही है एवं मोटापे की शिकार विश्व जनसँख्या का बहुत बड़ा भाग भारत में है। उन्होंने मोटापे से होने वाले रोगों - मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की। श्री जितेंद्र चौहान ने खान-पान की आदतों में बदलाव एवं प्रतिदिन ४० से ४५ मिनिट व्यायाम के अभ्यास से मोटापे पर नियंत्रण के उपाय बताये। इस कार्यक्रम में अतिथि चिकित्सक के द्वारा स्टाफ की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान भी किया गया। पूर्व में कार्यक्रम के समन्वयक श्री बिपुल दे, सहायक निदेशक के द्वारा अतिथि विशेषज्ञों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।


Shot on Realme C1


Shot on Realme C1

# <u>बिज़नेस इन्क्यूबेशन स्कीम</u>

आई पी एस कॉलेज, इंदौर में दिनांक २२.०१.२०१९ को बिज़नेस इन्क्यूबेशन स्कीम के अंतर्गत उद्यमियों तथा छात्रों के प्रस्तावों की समीक्षा करने हेतु एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें डा. संजय जैन, डा. जे. पोनमोजहि, श्री गुप्ता, श्री सी.एल. सुभेदार, श्री राकेश नाहर तथा श्री निलेश त्रिवेदी, सहायक निदेशक शामिल थे।



प्लास्ट पैक फोरम, इंदौर द्वारा सयाजी होटल, इंदौर में २१.०१.२०१९ को आयोजित कार्यक्रम में श्री निलेश त्रिवेदी, सहायक निदेशक द्वारा 'प्लास्टिक प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज में संभावनाएं' विषय पर प्रकाश डाला गया तथा डी.सी.एम.एस.एम.ई की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी ।



## लीन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पिटिटिवनेस स्कीम

श्री ब्रिजेश कुमार स्वर्णकार, सहायक निदेशक द्वारा पीथमपुर लीन इंजीनियरिंग मोमेंटम क्लस्टर का ऍम बी आर-१ जॉइंट ऑडिट दिनांक ८ से १० जनवरी २०१९ में संपन्न किया गया।

श्री ब्रिजेश कुमार स्वर्णकार, सहायक निदेशक द्वारा इंदौर लीन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग क्लस्टर का ऍम बी आर-१ जॉइंट ऑडिट दिनांक १६ से १८ जनवरी, २०१९ में संपन्न किया गया।





## आई आई पी डाटा कलेक्शन

श्री बिपुल दे, सहायक निदेशक द्वारा झाबुआ की औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण आई आई पी डाटा कलेक्शन कार्य हेतु दिनांक को किया गया।




## लेखा परीक्षण

संस्थान के दिसंबर, २०१५ से लेकर दिसंबर, २०१८ तक के लेखों का परीक्षण कार्य ऐ.जी. ऑफिस, ग्वालियर से पधारे लेखा परीक्षकों ने दिनांक २४.०१.२०१९ से ३१.०१.२०१९ तक संपन्न किया गया।

## गणतंत्र दिवस

संस्थान में गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बुनकर सेवा केंद्र के अधिकारीगण तथा स्टाफ भी सम्मलित थे । ध्वजारोहण पश्चात सभी उपस्थित जनों ने संविधान की महत्ता तथा इसकी विशिष्टता पर अपने विचार व्यक्त किये तथा राष्ट्रभक्ति के गीत भी गाये । कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ किया गया ।



## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्रमांक | नाम | विषय | स्थान |
|---|---|---|---|
| १ | श्री निलेश त्रिवेदी, सहायक निदेशक | इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स | हैदराबाद |
| २ | श्रीमती अनुज्ञा हण्डू, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी | | |
| ३ | श्री ब्रिजेश कुमार स्वर्णकार, सहायक निदेशक | एक्सपोज़र विजिट टू क्लस्टर/सी पी एस यू (काजू क्लस्टर) | गोवा |
| ४ | श्री बिपुल दे, सहायक निदेशक | | |